तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 युवा शक्ति में अपार संभावनाएं होती हैं : कलेक्टर शर्मा



12 करोड़ों खर्च कर लगाई यूनिट, दिखाए सब्जबाग ...



## खबर संक्षेप

### विधायक ईश्वर करेंगे ध्वजारोहण

**साजा।** ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक पर विधायक ईश्वर साहू ध्वजारोहण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णु राम साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, मूलचंद शर्मा शामिल होंगे। ध्वजारोहण के बाद स्कूली छात्राओं का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### जिला मुख्यालय में सांसद विजय करेंगे ध्वजारोहण

**बालोद।** दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल 26 जनवरी को जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर सांसद बघेल 26 जनवरी को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में सुबह 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान, 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन कि विभिन्न विभागों की झाँकी का प्रदर्शन, 11:10 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

**सौगात : ग्राम ढनढनी में आयोजित जूनी सरोवर मेले में शामिल हुए सीएम**

# मुख्यमंत्री साय ने माता जूनी देवी की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद, मांगी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय गुरुवार को बेमेतरा ज़िले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम ढनढनी जूनी सरोवर मेला पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां मेला स्थल में 17 जनवरी से प्रारंभ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ व जूनी सरोवर मेला में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहुंचने पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्री एवं क्षेत्र के विधायक दयाल दास बघेल सहित क्षेत्रवासियों, ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने जूनी देवी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने खाद्यमंत्री दयालदास बघेल की मांग पर जूनी सरोवर मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सामुदायिक भवन के लिए 40 लाख रुपये, ग्राम ढनढनी गांव मैं गौरव पाथ के लिए -15 लाख और जूनी मंदिर के सामुदायिक भवन हेतु 5 लाख रुपये की घोषणा की।इस प्रकार कुल 60 लाख की घोषणा की। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल सहित विधायक बेमेतरा दीपेश साहू व विधायक साजा ईश्वर साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री पद का दायित्व सम्हालने के बाद पहली बार बेमेतरा ज़िले में आगमन हुआ है। इस अवसर पर आप सभी का जूनी सरोवर मेला में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गारंटी के अनुरूप आप लोगों ने हम पर जो विश्वास किया है। मैं आप सभी को आश्वस्त करता हूं कि मोदी के गारंटी में जो वायदे किए गए हैं उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन हुए एक महीना ही हुआ है और इतने कम समय में मोदी जी के गांरटी को पूरा करने की ओर कदम बढ़ा चुके है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर 02 वर्ष की धान की बोनस राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में अंतरित की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) भर्ती मामले की सीबीआई जांच कराने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के शिक्षित युवाओं के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**खाद्यमंत्री बघेल के आग्रह पर सामुदायिक भवन और गौरव पथ निर्माण के लिए 60 लाख की घोषणा की**





### किसान चिंता न करें, शीघ्र मिल जाएगी अंतर की राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि जल्द ही किसानों के खाते में पहुंच जाएगी। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के लिए बजट में प्रावधान कर लिया गया है। प्रतिवर्ष 12 हजार रूपए की राशि माताओं के खाते में डाली जाएगी।

### खाद्यमंत्री ने जताया आभार

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने संबोधन में मुख्यमंत्री का जूनी सरोवर मेला में आने पर उनका आभार माना। उन्होंने कहा कि हर साल यहां हज़ारों श्रद्धालु आते हैं और कामना करते हैं, जिसे जूनी माता पूर्ण करती हैं । आज भव्य रूप से मेला का आयोजन हुआ है । तालाब का एक विशेष परम्परा है, जुन्नी माता की आशीर्वाद से निः संतान माताओं क़ो संतान प्राप्ति होती है। उन्होंने इस अवसर पर नांदघाट से मुंगेली रोड, बेमेतरा से मुंगेली रोड, ढोलिया से चन्दनू रोड और सम्बलपुर मारो में नहर सिंचाई की की व्यवस्था के साथ सामुदायिक, भवन गौरव पथ निर्माण की माँग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने 60 लाख रूपए की घोषणा की।

# दुष्कर्म का आरोप सिद्ध सौतेले पिता को 20 वर्ष का सश्रम कारावास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के थाना बेरला में बीते तीन माह पहले अपनी ही सौतेली बेटी के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी सौतेले पिता को स्थानीय न्यायालय ने 20 वर्ष की सश्रम कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित करने की सजा सुनाई है।

बुधवार एफ.टी.सी. विशेष न्यायाधीश एवं पॉक्सो एक्ट पीठासीन अधिकारी मधु तिवारी ने थाना बेरला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सोरला के दुष्कर्म मामले में निर्णय पारित करते हुए आरोपी अशवन पवार पिता मकसूदन पवार, उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सोरला थाना बेरला को धारा 42 पॉक्सो एक्ट के परिप्रेक्ष्य में भा.दं.सं. की धारा 376 (2) (जे) (एन), 376 (3) एवं धारा 6 पॉक्सो अधिनियम में से गुरुत्तर मात्रा के दण्ड की धारा 6 पॉक्सो एक्ट के तहत 20 (बीस) वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 (दो जार) रूपये अर्थदण्ड से दण्डित करने का फैसला दिया। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) सतीश कुमार वर्मा ने पैरवी की। न्यायालय से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की माँ ने बीते वर्ष 13 नवंबर 2023 को पुलिस थाना बेरला में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पहले पति की तरफ से उसके 4 लड़के व 2 लड़की हैं, जो सभी बच्चे अपने पिता अर्थात प्रार्थिया के पहले पति के साथ रहते हैं। वह अपने पहले पति को छोड़ कर आरोपी अशवन पवार के साथ रहती है, जिसके तरफ से एक लड़की है। 10 नवंबर 2023 को वह रायपुर आम पत्ता बेचने चली गई थी, जहाँ से 12 नवंबर की रात 8 बजे वापस ग्राम सोरला पहुंची। तब उसकी बेटी पीड़िता ने उसे सौतेला पिता आरोपी अशवन द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी। इस पर पीड़िता की मां ने 13 नवंबर को गांव के कोटवार और सरपंच को सौतेले पिता द्वारा की गई घटना के बारे में जानकारी दी, जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। लिखित रिपोर्ट के आधार पर थाना बेरला में अपराध क्रमांक 412/2023 अंतर्गत धारा 376, 376(3) भारतीय दण्ड संहिता तथा धारा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना उपरांत अभियुक्त द्वारा अपराध कारित किया पाये जाने के आधार पर उसके विरुद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में दोषी पाए जाने पर 20 वर्ष का सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने की सजा सुनाई गई।

- विशेष न्यायाधीश एवं पॉक्सो एक्ट मधु तिवारी ने दिया निर्णय



## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने 5001 दीयों से लिखा जय श्रीराम

**बेरला।** विकासखंड बेरला अंतर्गत ग्राम सिलघट में प्रभु श्रीरामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के शुभ अवसर पर अपने-अपने घरों में श्रीराम ज्योति जलाएं व दीपावली का उत्सव मनाया गया। सभी ग्रामवासी 5001 दीयों से जय श्रीराम लिखकर जगमगाया। राम मंदिर परिसर पर इस अवसर पर सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा से स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद जी महाराज व भाजपा नेता प्रीतम सिंह चन्देल ने भी पहुंच कर दीपदान किया। इस पवित्र अवसर पर श्रीराम के प्रति अपनी श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। ऐसे सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ग्रामवासी से एकता और सद्भावना को बढ़ाने इस ऐतिहासिक अवसर को मनाने के लिए पूरा एकजुट होकर मनाया गया।

### राशनकार्डों का किया जाएगा नवीनीकरण

**बालोद ।** खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। जिसके अंतर्गत राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने एवं हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कर जिले के शतप्रतिशत हितग्राहियों को इसका लाभ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जारी किए गए निर्देश के अनुसार राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए राशनकार्ड धारी स्वयं अपने एन्ड्रायड मोबाईल से विभागीय वेबसाइट से एप्प डाउनलोड कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## पं जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में हुआ जिला स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

# युवा शक्ति में अपार संभावनाएं होती हैं : कलेक्टर शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय शासकीय पं.जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला व सत्र न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने नये मतदाताओं का सम्मान किया। इसके साथ ही निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 03 बीएलओ एवं स्वीप नोडल प्रोफेसर सहित जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

समारोह में सीजीएम उमेश कुमार उपाध्याय, एडीजे पंकज कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, प्राचार्य पीपी चन्द्रवंशी सहित सभी स्वीप नोडल प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी



रणबीर शर्मा ने मतदाताओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवा शक्ति में अपार संभावनाएं है, वे आत्म विश्वास एवं हौसला बनाये रखते हुए समय का सदुपयोग करें तथा अपने माता-पिता की इच्छाओं को फलीभूत करने के लिए मेहनत करें। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री ने नये मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि संविधान द्वारा मतदान की शक्ति प्रदान की गई है। इस शक्ति का इस्तेमाल स्वविवेक से करते हुए जनहित एवं राष्ट्रहित में कार्य करने वाले व्यक्ति को चुनना चाहिए। मतदान की ताकत से सत्ता को निरंकुश होने से रोक सकते हैं।

### बीएलओ सहित अन्य अधिकारियों का सम्मान

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ विधानसभा 68 साजा के मतदान केन्द्र क्रमांक 31 थानखम्हरिया से अनुपमा नांगवंशी, विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के मतदान केन्द्र 27 कृषि उपज मण्डी बेमेतरा के बीएलओ रेखा पाटकर एवं विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के मतदान केन्द्र 148 नवागढ़ के बीएलओ शमेघनाथ विश्वकर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं 5 हजार रूपये का चेक प्रदाय कर सम्मानित किया गया। स्वीप प्रोफेसर नोडल अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कमलेश दुबे, सहायक प्राध्यापक, शासकीय नवीन महाविद्यालय दाढ़ी को प्रशस्त्रि पत्र एवं 7 हजार रूपये का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। समारोह में मतदाता सूची में पहली बार नाम दर्ज कराने वाले नये एवं युवा मतदाता हिमांशी ध्रुव, प्रेरणा भट्ट, टाकेश्वरी साहू, गौरंग साहू, ऋषभ साहू, चंचल यादव एवं मानसी सारथी को बैज लगाकर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। 90 वर्ष के वृद्ध मतदाता अभय शर्मा, जिला आईकान दिलहरण तिवारी एवं दिव्यांग मतदाता रामलाल साहू को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तहसील बेमेतरा के डाटा एण्ट्री आपरेटर प्रीति बारिक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### स्पर्धाओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय रंगोली, पोस्टर, भाषण एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुकेश्वरी (परपोड़ी कालेज), द्वितीय इन्द्र कुमार (साजा कालेज), तृतीय राखी (ठेलका कालेज), भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंदना साहू (दाढ़ी कालेज), द्वितीय मनीष वर्मा (पीजी कालेज बेमेतरा), तृतीय कृति नेताम (भिभौरी कालेज) एवं युक्ता निर्मलकर (स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा), पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान राहूल कुमार (बेरला कालेज), द्वितीय ऋतु ध्रुव (दाढ़ी कालेज) तृतीय मनीषा नामदेव, (थानखम्हरिया कालेज) रहे। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में आर्मी स्पोर्ट क्लब बेमेतरा विजेता एवं स्टूडेन्ट क्लब बेमेतरा उपविजेता रहे। मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता पर केन्द्रित बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। तहसीलदार बेमेतरा परमानंद बंजारे, योगाचार्य दिलहरण प्रसाद तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये तथा निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष नामदेव ने मतदाता सूची में पंजीयन कराने एवं आयोग द्वारा आनलाईन उपलब्ध कराए सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ईव्हीएम एवं वीवीपेट मशीन का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार झा, व्याख्याता ने तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य पीपी चन्द्रवंशी ने किया।

# दाढ़ी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों को दी गई योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा/दाढ़ी

भारत सरकार की योजनाओं का जानकारी तथा लाभ दिलाने के उद्देश्य से निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 25 जनवरी को नगर पंचायत दाढ़ी के गौठान के पास रखा गया।

इस दौरान भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं का स्टॉल लगाया गया, जिसमें विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना और विश्वकर्म योजना उज्जवला गैस योजना स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान कार्ड सेवा सरकारी समिति का लाभ लेने हितग्राहियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विकसित भारत संकल्प यात्रा बस के स्वागत मुख्य अतिथि भानुमति बंजारे ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा स्वागत कर शुभारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा भारत



माता के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। उसके बाद केंद्र सरकार के कैलेंडर एवं बुकलेट का विमोचन कर नागरिकों में वितरित किया गया। विकसित भारत की कहानी एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित जानकारी का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नागरिकों ने विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनने का संकल्प लिया। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों ने शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विश्वकर्म योजना का उज्वला गैस योजना विशेष प्रचार प्रसार कर आवेदन स्लॉट में लिया गया। कार्यक्रम में सीएमओ श्रीनिवास द्विवेदी भानुमति बंजारे संगीता भास्कर विजय देवांगन मडीद्र साहू होमेन्द्र टंडन चंद्रहास सोनवानी संकल्प शर्मा चित्रेश मनोज महिला स्व सहायता समूह के महिलाएं मितानिन कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित थे।

# सत्यम परिवार ने हर्षोल्लास से मनाया प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

नगर के गंज चौक स्थित सत्यम विहार, सत्यम निकेतन व सत्यम प्रांगण आवासीय परिसरों के निवासियों द्वारा अयोध्या स्थित श्रीराम लला जन्मभूमि में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण होने के पश्चात प्रभु श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा समारोह अवसर पर विगत कुछ दिनों से विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह ढोल-बाजे के साथ रामधुन गाते प्रभातफेरी कॉलोनी में घूमने के पश्चात सत्यम विहार स्थित मंदिर में भजन-पूजन पश्चात प्रसाद वितरण किए गए। सनातनियों के लिए 22 जनवरी को हर्षोल्लास से मनाने सत्यम परिवार के वरिष्ठजनों द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर जिम्मेदारी सौंपी गई। जिसके अनुसार कॉलोनी स्थित मंदिर में सुबह हवन-पूजन, भजन करने के पश्चात सत्यम विहार क्लब हाउस-ए के हॉल में प्रोजेक्टर द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का सीधा प्रसारण समस्त सत्यम परिवार के सदस्यों ने एक साथ देखने का आनंद प्राप्त कर दोपहर महाप्रसादी भोजन ग्रहण किया।



### घरों के बाहर रंगोली और दीयों से सजाया

इस दिवस को यादगार बनाने संध्याकाल कॉलोनी के समस्त घरों में झालर लाईट सहित रंगोली कर दीयों से सजाया गया। मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से दीपमालाओं द्वारा श्रीराम का नाम स्वास्तिक व श्रीधनुष की आकृति बनाई गई। संध्याकालीन आरती पश्चात भव्य आतिशबाजी का आनंद कॉलोनीवासी परिवारों ने लिया। सत्यम परिवार द्वारा रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव को आनंदपूर्वक आयोजित करने परिवार के वरिष्ठजनों नंदकिशोर अग्रवाल, दामोदार दास मुदंड़ा, सत्यम विहार सोसायटी अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा के मार्गदर्शन में राजेन्द्र कोटडिया, संतोष विक्की झांझरी, संतोष ओस्तवाल के सहयोग से आशीष अग्रवाल, राहुल ओस्तवाल, पवन बोहरा, हिमांशु रायचा, अमित अग्रवाल, प्रतीक खंडेलवाल, सर्वेश गुप्ता, प्रणय बोहरा, आनंद शर्मा, अजय बैद, संजय बैद, शरद जैन आदि सदस्यों द्वारा इस आयोजन की महती जिम्मेदारी उत्साहपूर्वक लेते सत्यम परिवार सोसायटी के इस प्रथम आयोजन को राममय भक्ति आनंद से अविस्मरणीय बना दिया। उक्त जानकारी सत्यम परिवार के सदस्य विनय पोपट द्वारा दी गई।

# धर्मनगरी में रामोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मौके पर दीप उत्सव मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष सुशील जैन, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्राचार्य प्रकाश यादव आदि ने दीपक जलाकर पूरे विद्यालय को रौशन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगोली से अयोध्या मंदिर का चित्र बनाया था।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, सुरेशदास वैष्णव, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, देवीसिंह ठाकुर, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सौरव फूले, डीगेश साहू, कृष्णा निर्मलकर, निलेश निषाद, अश्वनी निर्मलकर, छबि साहू, ललिता ,ममता, प्रीति आदि मौजूद थे।

**सजा हनुमान मंदिर :** सार्वजनिक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में धूमधाम से श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मोहल्ले को तोरन ध्वजा से सजा कर रामायण मंडली ने हनुमान चालीसा एवं भजन कीर्तन कर प्रसादी वितरण किया। मोहल्ले के हेमंत राजपुत, सुरज सिंह, शिवेंद्र यादव, आयुष मुनेश्वर, छबि धुर्वे ने एक दिन पहले तोरन ध्वजा लगाया। रामायण गायन में मंडली की



अंचलासिंह ठाकुर, राधा नेताम, गजराबाई ठाकुर, मानबाई नेताम, पूनम यादव, बासन यादव, पायल नेताम, संतोषी यादव, पुर्णिमा, नेहा, पायल यादव, रश्मि दुबे, ममता मंडावी, दुर्गा सिन्हा, इशिका, छबि धुर्वे, गीता मिश्रा आदि शामिल हुए।

**निकली भव्य शोभायात्रा :** अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर सेवाभावी संस्था सनातन जागृति सेवा संस्थान ने शोभायात्रा झाँकी के साथ निकाला। शोभायात्रा थाना चौक स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए जयस्तंभ चौंक स्थित शिवराम मंदिर पहुंची। यहां सनातन सेना ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिलाओं ने रामलला की आरती उतारा। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया।

### कारसेवकों का सम्मान



**तुमडीबोड।** बोदेला में श्रीमद भागवत महापुराण के वाचन के दौरान कथावाचक पं पवन मिश्रा ने श्रीराम दरबार फोटो, श्रीराम नाम पट्टीका तथा श्रीफल भेंटकर कारसेवक निर्भयराम श्रीवास, पारख साहू, विजय वर्मा, उद्धो यादव, बल्दु साहू, दशरथ साहू, स्व घसिया यादव की पत्नी दुर्गा यादव का सम्मान किया। अयोध्या में भगवान श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होने पर बोदेला सिवनी खुर्द में तलाब किनारे स्थित हनुमान मंदिर में सुंदर कांड का पाठ तथा श्री राम जय राम जय जय राम नाम का अखंड जाप सुबह 6बजे दोपहर 2 बजे तक किया गया। अंत में खीर पुड़ी वितरण किया गया। रात्रि में घर घर दीप जलाकर आतिशबाजी किया गया। कार्यक्रम में झनेन्द्र श्रीवास, नोहर साहू, मिलाप साहू, रोशन यदु, हेमंत यदु, इंद्रसेन साहू, शुभम कन्नौजे, चंदन श्रीवास, दिलीप साहू, रामप्रसाद साहू, गैंदलाल साहू, कुंदन साहू, जागेश्वर साहू, सुरेन्द्र लिल्हारे, भीखम साहू, अगनू धनकर, बसंत साहू, दुष्यंत वर्मा, पुनम साहू, पुर्णिमा साहू, नीलम श्रीवास, नीलम साहू, नमिता साहू आदि शामिल हुए।

























संकलनकर्ता : मनीष शुक्ला, संवाददाता नांदघाट, योगेश साहू, नारायणपुर, मो. 8878131386

## खबर संक्षेप



### डोंगीतराई पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, योजनाओं की दी गई जानकारी

**गुण्डरदेही।** शासन की योजनाओं को घर–घर पहुंचाने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम डोंगितराई के स्कूल प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, सरपंच ज्ञानचंद शर्मा, जनपद सदस्य गोमती साहू, पूर्व सरपंच कांति बाई, सोनेश्वरी, डॉ. लेखराम साहू भी शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन पहुंचाना है। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए थे, जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर शासन की योजनाओं को बताकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया। उक्त अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए यह शिविर गांव गांव में पहुंच रही है। चन्द्राकर ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों को बताया।

### विडंबना : ग्राम राखी में स्थापित रीपा में केला तना से रेशा सहित अन्य उत्पाद की योजना अधर में

# करोड़ों खर्च कर लगाई यूनिट, दिखाए सब्जबाग महिलाओं को रोजी निकालना हो रहा मुश्किल

विमलेश द्विवेदी:देवकर

देवकर तहसील क्षेत्र के ग्राम राखी में ग्रामीण औद्योगिक पार्क में केला तना से केला तना रेशा, केला तनाजल व मध्य हिस्से के गुदा गाद से पेपर, साड़ी, हैन्डीक्राफ्ट बैग, व खाद बनाने के लिए करोड़ों रूपये खर्च किए गए हैं। लेकिन, करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी योजना कारगर होती नहीं दिखाई दे रही है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए संचालित इस ईकाई में कार्यरत महिला समूह के सदस्यों को एक दिन की रोजी निकालना मुश्किल हो रहा है। आय नहीं होने के कारण कई महिलाओं ने यहां पर काम करना बंद कर दिया है।

■ कपड़े के साथ ही खाद, पेपर और पेपर से कई प्रकार की सामग्री बनाने की थी योजना

बताना होगा कि पूर्व में मनरेगा, फिर रीपा योजना के तहत जिले के ग्राम राखी में चार साल पूर्व महिला समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर केले के तने से निकलने वाले रेशे से बैग, टोपी, साड़ी समेत 20 तरह के उत्पाद बनाना सिखाया गया था। इस ईकाई से बने उत्पाद का प्रदर्शन राजधानी व जिला स्तर की प्रदर्शनियों में किया गया था। ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत राखी में प्रारंभ की गई इस यूनिट की स्थिति पूर्व की अपेक्षा बिलकुल विपरीत नजर आ रही है। पूर्ववर्ती सरकार की इस महती योजना से कार्यरतों को होने वाले लाभ व योजना की हालत को जानने के लिए मौके पर पहुंचकर हरिभूमि ने जानकारी जुटाई है। योजना के प्रारंभ करने और स्थापित करने के पीछे ग्रामीण महिलाओं को सबलता देने और रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर ढिंढोरा पीटा गया था, पर आज हालत ये है कि इस इकाई में गोदाम, निर्माण स्थल, उपकरण, सीसी रोड व अन्य कार्य के नाम पर अलग अलग मद से जुटाये गये करीब 2 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है। तब ये कहा गया था कि आफिस में उपयोग होगा, लेकिन आज बाजार का अता-पता नहीं है।

### यह थी योजना

बताना होगा कि कृषि विज्ञान केन्द्र, बेमेतरा के तकनीकी सहयोग से इस ईकाई में काम करने वाली केला तना रेशा मेट से फाईल-फोल्डर, कान्फ्रेन्स बैग, लेपटॉप बैग, पर्दा इत्यादि के साथ-साथ हस्तशिल्प से तैयार किया गया। हैण्डबेग, टेबल रनर एवं अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहे केला तना रेशा से निर्मित हस्तशिल्प एवं हथकरघा उत्पादों को छ.ग. शासन के विभिन्न विभागों में होने वाले प्रशिक्षण, कान्फ्रेन्स, वर्कशॉप एवं कार्यालयीन उपयोग के लिए मांग अनुसार आपूर्ति की कार्ययोजना बनाने का दावा, करीब 20 माह पूर्व किया गया था इसके बाद भी आज तक कार्ययोजना कागज से बाहर नहीं निकली है। विपरीत हालात होने की वजह से राखी रीपा में उत्पाद तैयार करने का काम भी अपेक्षाकृत पहले से कम हो गया है। ब्रिक्री नहीं होने के कारण महिला निर्माण करने में के बाद भी पछता रही हैं।






### गाद को जानवर खा रही है, खाद का पता नहीं

कार्यरत महिलाओं ने बताया कि मशीन में केला का तना डालने के बाद निकलने वाला पानी बह जाता है। वहीं, मलबा, गाद को बाहर फेकना पड़ रहा है। योजना के तहत गाद या गुदा से पेपर बनाने और निकल रहे पानी से खाद बनाना था, पर मौके पर इस तरह का निर्माण नहीं हो पा रहा है। महिलाएं केवल रेशा निकालकर धागा कातने के बाद कपड़ा बनाने में जुटी हुई नजर आई हैं। पेपर व खाद बनाने का काम होता कहीं पर नजर नहीं आया।

### महिनों से कोई देखने नहीं आया

विधानसभा चुनाव के पूर्व आचार संहिता लगने के नाम पर इस युनिट की किसी अधिकारी ने सुध नहीं ली थी। वहीं, अब चुनाव के बाद आदेश का आभाव बताकर इस युनिट को जिम्मेदारों ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है। कार्यरत महिला समूह की अध्यक्ष मीरा मानिकपुरी, सविता बाई धनकर, कुन्ती बाई पाल व अन्य मौजूद महिलाओं ने आशंका जाहिर की है कि सरकार बदल गई तो कहीं नई सरकार योजना को ही बंद न कर दे। समूह की कई महिलाओं ने जानकारी दी कि अब कपड़ा व अन्य उत्पाद बनाने के बाद भी लाभ नहीं हो रहा है।

### किसके पास जिम्मेदारी ये जानकारी किसी को नहीं

रीपा योजना के तहत केले के तने से उत्पाद बनाने के लिए तैयार की गई राखी रीपा के संचालन व अन्य कार्य के लिए किस विभाग के अधिकारी के पास जिम्मेदारी है, इस तरह की जानकारी किसी के पास नहीं है। साजा जनपद सीईओ प्रकाश मेश्राम ने फोन रिसीव नहीं किया। अन्य अधिकारियों ने जानकारी देने से हाथ खींच लिया है। तकनीकी तौर पर नोडल रहे कृषि विज्ञान केन्द्र के डा टोषन ठाकुर ने बताया कि केन्द्र तकनिकी सहयोगी रहा है। वहां पर युनिट तैयार करने का काम हमारा था, प्रशिक्षण भी दिया गया है। आगे के कार्य के लिए अब तक आदेश नहीं आया है, इसलिए फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता।

# चेटुवा में गुरु अमरदास समाधि स्थल पर लगा मेला



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बेमेतरा

बेरला ब्लाक के ग्राम चेटूवा में प्रतिवर्ष पौष पूर्णिमा मेला के अवसर में गुरु अमरदास समाधि स्थल में तीन दिवसीय संत मिलन मेले का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को मेले में क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने गुरु अमरदास की समाधि स्थल पहुंचकर पूजा पाठ कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री छाबड़ा ने कहा कि मेले छत्तीसगढ़ से ही नहीं, पूरे भारतवर्ष से गुरु अमरदास जी के दर्शन करने एवं मेले का आनंद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुँचे हैं। हम सभी को गुरु अमरदास जी की समाधि स्थल का मेला दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है। उन्होंने कहा कि पूज्य बाबा गुरु घासीदास के जेष्ठ पुत्र गुरु अमरदास जी थे, गुरु अमरदास जी ने चेटूवापूरी धाम में समाधि ली थी। कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, टीआर जनार्दन, हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रामनारायण सोनवानी, सत्यनारायण सोनवानी सहित बड़ी संख्या सामाजिक पदाधिकारी, ग्रामवासी, श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भाषण में युक्ता, रंगोली में कुमकुम और पोस्टर स्पर्धा में रेशमी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पोस्टर, रंगोली व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वी एवं 12वीं की छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में युक्ता निर्मलकर प्रथम एवं रीना मानिकपुरी द्वितीय रही। रंगोली प्रतियोगिता में कुमकुम साहू प्रथम एवं लक्ष्मी साहू द्वितीय रही। पोस्टर प्रतियोगिता में रेशमी वर्मा प्रथम एवं लाकेश्वरी साहू द्वितीय रही। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य कविता बाचपेयी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई एवम्‌ मतदान की महत्ता स्पष्ट करते हुए प्रतिभागी व स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं बधाई दी। कार्यक्रम में सुनील झा व्याख्याता, संतोष मिश्रा शिक्षक, सपना तिवारी व्याख्याता, कौशल वर्मा व्याख्याता आदि शिक्षक शिक्षिकाएं छात्राएं उपस्थित रहे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता में भी युक्ता निर्मलकर ने तृतीय स्थान अर्जित किया। प्राचार्य एवं स्टॉफ ने युक्ता को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

■ राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आत्मानंद स्कूल में हुईं विविध प्रतियोगिताएं

# एसडीएम सुरुचि सिंह को मिला राज्य स्तरीय पुरस्कार

**बेमेतरा।** 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी) मनाया गया। जिले सहित राजधानी रायपुर में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जहाँ पर राज्य निर्वाचन आयोग ने आम विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के पांच ईआरओ क्रो सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में दुर्ग संभाग के विधानसभा क्षेत्र बेमेतरा-69 की ईआरओ सुरुचि सिंह क्रो विधानसभा निर्वाचन 2023 में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टीपी शर्मा के हाथों एसडीएम बेमेतरा सुरुचि सिंह क्रो राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया।बता दें कि सामान्य विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र 69 में सुरुचि सिंह ने चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया था। जहां बेमेतरा विधानसभा 69क्षेत्र के ईआरओ एवं बेमेतरा एसडीएम सुरूचि सिंह ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया था । इन गतिविधियों के कारण जिले में मतदान प्रतिशत भी अच्छा रहा। गौरतलब है कि सुरूचि सिंह के काम से बेमेतरा अनुविभाग क्षेत्र के आमजनों ने एसडीएम के काम से बहुत खुश हैं। क्योंकि वे आम जनता को सुविधा पहुचाने के लिए बेमेतरा में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगा कर एक अपनी अलग पहचान पूरे प्रदेश में बनाई है।




पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# अंचल में गूंजा छेरिक छेरा छेर छेरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बेरला

छत्तीसगढ़ का लोकपर्व छेरछेरा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह से ही अंचल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बच्चे से लेकर बड़े तक इस महादान दिवस पर परंपरा का निर्वहन करते हुए घरों घर जा कर छेरछेरा-छेरछेरा जभे देबे तभे टरन बोलते हुए दान मांगा। यह सिलसिला प्रातः से ही शुरु हो गया था और बच्चे, युवक व युवतियां हाथ में टोकरी, बोरी, थैले आदि लेकर घर-घर छेरछेरा मांगते रहे । गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में यह पर्व नई फसल के खलिहान से घर आ जाने के बाद मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह पर्व पौष पूर्णिमा के दिन खास तौर पर मनाया जाता है। यह पर्व कृषि प्रधान संस्कृति में दानशीलता की परंपरा को याद दिलाता है। इस दौरान लोग घर-घर जाकर अन्न का दान मांगते हैं। वहीं गांव के युवक व युवती घर-घर जाकर अन्न दान मांगते हैं। इस दिन प्रत्येक घर छेर छेरा-छेर छेरा कोठी के धान ल हेर हेरा' की गूंज सुनाई देती है। वहीं, नौजवान छेरछेरा के लोकपर्व पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गड़वा बाजे, झुमका व वाद्य यंत्र के साथ नाचते बजाते हुए घरों घर छेर-छेरा छेरछेरा माई कोठी धान ल निकालो करके घरों में महादान लेने गए।






